卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 265 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦2 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पर्यटकों की कार खाई में गिरने से एक की मौत, चार लोग घायल

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी से चकराता घूमने आए पर्यटकों की एक स्विफ्ट कार लोखंडी से आगे देववन के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शनिवार देर शाम की है। कार में देहरादून निवासी विनय कश्यप पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी खुडबुड़ा मोहल्ला देहरादून, आयुष कंसल निवासी माता मंदिर देहरादून, यमन साहनी निवासी डालनवाला देहरादून, आदित्य निवासी राजीव नगर देहरादून व वासु साहनी निवासी डालनवाला देहरादून में सवार थे। जिसमें निवासी विनय कश्यप पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी खुडबुड़ा मोहल्ला देहरादून की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पुलिस को मिली तो राजस्व पुलिस और एसडीआरएफ की टीम देर शाम को मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से 200 मीटर नीचे खाई में उतर कर घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और उपचार के लिए चकराता अस्पताल पहुंचाया। जहां से घायलों को हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया गया।




## महिला की मौत पर अस्पताल में हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: आवास विकास स्थित निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान एक महिला की हुई मौत के पश्चात परिजनों ने उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस



मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत की और परिजनों को समझा बुझा कर शांत किया। बताया जाता है कि वार्ड 5 मुखर्जीनगर निवासी 51 (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## ट्रांजिट कैम्प में सरेआम गुण्डागर्दी, तीन घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि शमशानघाट रोड से गोल मडैया जा रहे दोस्तों पर मार्ग में कुछ युवको ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप एसे घायल कर दिया। यभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजू पुत्र बाबू राम प्रजापति निवासी बांसनगली थाना भोट जिला रामपुर हाल निवासी ठाकुर नगर ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि वह अपने दोस्तो ठाकुर नगर निवासी राम कुमार पुत्र चुन्नीलाल व देवेन्द्र पुत्र भगवानदास के साथ शमशान घाट रोड से गोल मडैय्या जा रहे थे। वहां खड़े सोहैल पुत्र उमर, दानिश व 3-4 अन्य लोग ने हमारे साथ लडाई झगड़ा व गाली गलौच शुरु कर दी । जब उनसे मना किया तो दानिश और सोहैल अपने कबाड़खाने से लोहे की रॉड, ईट निकालकर (शेष पृष्ठ 7 पर)



## वन रैंक वन पेंशन के लिए किया धरना प्रदर्शन

रामनगर(उद संवाददाता)। पूर्व सैनिक कल्याण एवम् उत्थान समिति के पदाधिकारियों द्वारा वीर नारियों व पूर्व सैनिकों द्वारा वन रैंक वन पेंशन और मिलिट्री सर्विस पे की विसंगतियों के खिलाफ व अपनी मांगो के समर्थन में आंदोलन को तेज कर सांकेतिक धरने पर बैठे। धरने की अध्यक्षता पूर्व सैनिक कल्याण उत्थान समिति के संरक्षक कैप्टेन हरगोविंद पाण्डेय,अध्यक्ष कुलवंत सिंह रावत व सचिव भुवन सिंह डंगवाल द्वारा की गई। धरने में सचिव नायक भुवन सिंह डंगवाल द्वारा वन रैंक वन पेंशन की मांगो को बताया गया,ततपश्चात पुरे आंदोलन की जानकारी दी गयी।अध्यक्ष कुलवंत सिंह रावत ने धरने पर आये सभी लोगों का आभार भी जताया। साँथ ही निकट भविष्य मे भी इसी प्रकार से एक जुट होने की अपील की।इस दौरान ब्लॉक प्रतिनिधि चंद्र मोहन मनराल, सदस्य संगठन चंद्र मोहन सिंह, ललित मोहन खाती, भरत सिंह रावत (सेना मैडल), भूपेंद्र सिंह डंगवाल, भीम सिंह, नारायण सिंह,बालम सिंह डंगवाल,मंगल सिंह रावत,बालम सिंह बिष्ट, पुष्कर सिंह भंडारी,धर्मपाल सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह नयाल, नंदन सिंह बिष्ट ,आशा राम, वीर नारी सावित्री देवी,सुनीता कांडपाल, जयंती देवी, धना देवी, कमला देवी आदि कई पूर्व सैनिक व वीर नारिया मौजूद रहे।




## पिकप वाहन की टक्कर से गार्ड घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: मट्रोपोलिस गेट के सामने रात्रि ड्यूटी समाप्त कर घर वापस लौट रहे कालोनी के गार्ड को हल्द्वानी की ओर से तेज गति से आ रहे पिकप वाहन चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पिकप वाहन सड़क किनारे पलट गया। घायल गार्ड को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार आनन्द विहार तीन पानी ट्रांजिट कैम्प निवासी मूल निवासी बहेड़ी 60 वर्षीय ठाकुर दास पुत्र रोशन लाल यहां मैट्रोपोलिस सिटी में सुरक्षा गार्ड पद पर कार्य करता है। बताया जाता है कि आज प्रात: वह ड्यूटी समाप्त कर पैदल घर वापस लौट रहा था। मुख्य द्वार से जब वह सड़क पार कर रहा था इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से तेज गति से आते पिकप वाहन संख्या यूके 06 सीए 8298 के अज्ञात चालक ने उसे टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा पलटा। इधर सूचना मिलने ही गार्ड के परिजन मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत में सुधार बताया है।



## विधायक ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने रविवार को एक घायल युवक को अपने वाहन से हॉस्पिटल पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की। विधायक अरोरा अपने आवास से पन्तनगर यूनिवर्सिटी कुलपति के साथ बैठक के लिये जा रहे थे। तभी गाबा चौक के पास एक दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल हो गया। विधायक ने अपना वाहन रूकवाकर बिना देरी किये घायल को अपने वाहन से फुटेला हॉस्पिटल भर्ती करवाया। युवक का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया था जिस कारण उसका अत्यधिक रक्तस्राव हो गया था। विधायक ने मानवता के नाते उसको उपचार के लिये स्वयं ले गये। इससे पहले भी एक परिवार के दुर्घटना में घायल होने का मामला सामने आने पर विधायक शिव अरोरा ने घायलों को हॉस्पिटल भर्ती करवाया था। विधायक ने कहा कि नर सेवा नारयण सेवा है और उन्होंने लोगो से अपील की हम कभी भी सड़क (शेष पृष्ठ 7 पर)



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को नंदा की चौकी, देहरादून में 'नेशनल डॉक्टर्स-डे' के अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले सभी डॉक्टर्स को बधाई देते हुए मानवता हेतु किये जा रहे उनके स्वास्थ्य और उनके जीवन में खुशहाली के लिए डॉक्टर की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमारा स्वास्थ्य ही हमारा सबसे बड़ा धन है। अच्छे स्वास्थ्य की उत्तम स्वास्थ्य हर एक की आवश्यकता है। आज के समय में चिकित्सा विज्ञान ने जितनी उन्नति की है उतनी ही चुनौतियां भी बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य के मानक में सर्वश्रेष्ठ है। भारत ने कोरोना पर जिस प्रकार विजय पायी है यह हमारे चिकित्सकों ने अपनी काबिलियत का प्रमाण है। कोरोना के बाद वे एक हेल्थ अच्छे कार्यों के सम्मान और प्रोत्साहन देना जरूरी है इसके लिए उन्होंने रेड एफएम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड बाल संरक्षण आयोग डॉ.







अवसर पर रेड एफएम द्वारा आयोजित 'सुपर डॉक्टर्स अवार्ड' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज की भलाई व खुशहाली में हमारे डॉक्टर्स का बहुत बड़ा योगदान है। लोगों के उत्तम देखभाल हमारे डॉक्टर्स पर निर्भर है। इसलिए डॉक्टर्स को भगवान की भी संज्ञा दी गई है, उन्हें सम्मानित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने कहा कि निरन्तर बदल रहे हैं। इन चुनौतियों का समाधान हमारे चिकित्सकों और चिकित्सा विज्ञान को ही खोजने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे चिकित्सक विश्व वॉरियर के रूप में उभरे है। भारत के चिकित्सक अपनी प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता के बल पर अतुलनीय योगदान दे रहे है। राज्यपाल ने कहा कि गीता खन्ना, एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक डॉ. मीनू सिंह, रेड एफएम की स्टेशन हेड रजत शक्ति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे है।

# एसीसी गुड़िया आईएमटी के बीबीए पंचम सेमेस्टर का परीक्षा फल रहा उत्कृष्ट

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रत्येक पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम शानदार स्थान प्राप्त किया है। तुषार अरोरा 70.86 प्रतिशत, कोमल शर्मा 70.71 प्रतिशत, दिव्यकांत शर्मा 69.86 प्रतिशत एवं कात्यानी अग्रवाल 68.43 प्रतिशत अंक गुरुजनों को दिया। छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन श्रीमती विमला गुड़िया, चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ दीपिका




आ रहे हैं विगत दिवस आए बीबीए पंचम सेमेस्टर के आए परीक्षा परिणाम में संस्थान के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के यूजी विभाग की प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल ने बताया कि उक्त सेमेस्टर में अंशिका दूबे ने सर्वाधिक 75.57 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम प्राप्त कर क्रमशः दृतीय, तृतीय चतुर्थ एवम पंचम स्थान प्राप्त किया। उक्त कक्षा में 90% से ज्यादा विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त किए है। यहां बताते चलें कि संस्थान के विद्यार्थी लगातार अपनी-अपनी कक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यार्थियों नेअपनी उपलब्धि का श्रेय गुड़िया आत्रेय ,एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉक्टर नीरज आत्रेय, संस्थान के निदेशक डॉ केवल कुमार, निदेशक प्रशासन पवन कुमार बक्शी, प्राचार्य यूजी डॉक्टर निमिषा अग्रवाल, प्राचार्य( लॉ) डॉक्टर आरएन सिंह सहित समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डाक्टर्स डे पर मैट्रोसिटी हास्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉ. मनदीप सिंह के नेतृत्व में मैट्रोसिटी हास्पीटल में डाक्टर्स डे के मौके पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका सैकड़ों लोगों ने लाभ जांच, फेफड़ों की जांच,पीलिया की जांच, काले पीलिया की जांच इत्यादि सभी परामर्श नि:शुल्क रहते हैं। लगभग 200 से 300 मरीजों ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लिया।साथ ही अपने मर्ज अवगत कराना व उन्हें सटीक इलाज उपलब्ध कराना रहता है। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया कि मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा लगाए जाने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में




उठाया। मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी डा. मनदीप सिंह ने बताया कि हास्पीटल द्वारा विभिन्न जगहों पर नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। उसी संदर्भ में डॉक्टर डे के उपलक्ष मे नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में आये मरीजों की शुगर की के बारे में जानकारी प्राप्त की। मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी डॉ. मनदीप सिंह का कहना है कि हास्पीटल द्वारा जनहित में निरंतर जिले के विभिन्न जगहों पर नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया जाता है। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य गरीब व जरूरतमंदों को उनके मर्ज से आए एवं अपनी बीमारी से निजात पाएं। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में मैट्रोसिटी हास्पीटल एंड रिसर्च सेंटर के पूरे स्टाफ जिसमें कंचन, जनरल मैनेजर आशीष थापा,कोआर्डीनेटर गौतम, कविता, प्रमोद, सुरेन्द्र, प्रिया, रश्मि, नीतू, एकसुख, स्वाती, डॉक्टर सिमरजीत व डॉ. राजकुमार इत्यादि का पूर्ण योगदान रहा।

# जन सुझावों के आधार पर पुलिस व्यवस्थाएं हो रही सुदृढ़: डीजीपी

## जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों के जाने विचार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जन सुझावों के आधार पर प्रदेश में पुलिस व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। साथ ही पुलिस द्वारा प्रदेश में भिक्षा नहीं शिक्षा अभियान के तहत अब तक तीन हजार पांच सौ पचास 3550 नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ा गया है। ये वह नौनिहाल हैं जो गरीबी या अन्य कारणो से स्कूल नहीं जा पा रहे थे। यह बात पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने शारदा पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते कही। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को बेहतर कारगर जनहितार्थ बनाने के लिए जन सुझावों को आधार बना कर प्रभावकारी बनाने की दिशा में गम्भीरता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के चलते नशे का व्यवसाय करने वालों पर इस प्रकार कार्रवाई किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। नयीं पीढ़ी को ड्रग जैसी जीवन घाती प्रवृत्ति से बचाने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। राष्ट्र द्रोह जैसे नियम के तहत मुकदमा दर्ज किए जा रहे हैं। ताकि नशे के कारोबार को समूल नष्ट किया जा सके। डीजीपी ने कहा कि पूरे प्रदेश में सात हजार राजस्व गांव थे जो रैग्यूलर पुलिस की श्रेणी में लाए गए हैं। उनकी व्यवस्थाओं को देखना भी चुनौती है। इसके साथ वहां पर पुलिस कर्मचारियों की तैनाती करने में समय स्वाभाविक रूप से लगेगा। जनता को पुलिस प्रणाली की सहज पहुंच की जानकारी देना भी प्राथमिकता में शामिल किया गया है। इससे पूर्व जन संवाद के दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी ने नशा मुक्ति अभियान को वृहद रूप में चलाए जाने की बात करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिन्तनीय है। बच्चों के भविष्य को बर्बाद होने से रोकना होगा। नूर अकरम ने एक महीने में तीन ट्रान्सफर को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इसे रोका जाना चाहिए। कम से कम यह अवधि विधान के अनुसार एक वर्ष है। इसके अतिरिक्त होटल एसोशिएशन के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने कैंची धाम में घन्टों जाम के कारण अल्मोड़ा का होटल व्यवसाय प्रभावित होने की बात कही। इस अवसर पर बार एसोशिएशन अध्यक्ष शेखर लखचौरा, भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुड्डू भोज सहित कार्यक्रम में अनेक लागों ने अपने सुझाव दिए। डीजीपी अशोक कुमार के साथ आईजी कुमाऊँ डा. नीलेश आनन्द भरणे, राम चन्द राजगुरु ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन पुलिस उपाधीक्षक ओशीन जोशी ने किया।



# सीएफओ यादव के देहरादून स्थानान्तरण पर दी विदाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस लाईन में सीएफओ वंश बहादुर यादव के जनपद उधमसिंहनगर से प्रतिनियुक्ति में देहरादून स्थानान्तरण होने पर उन्हें विदाई देने हेतु उधमसिंहनगर पुलिस परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में



सीएफओ वंश बहादुर यादव द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मगणों द्वारा टीम वर्क के साथ अच्छा कार्य करते हुए विभिन्न आगजनी की घटनाओं को नियंत्रण करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।विदाई समारोह में एसपी सिटी, एसपी काशीपुर, सीओ ऑप्स सिटी, सीओ संचार सहित जनपद पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# चोरी की बाईक सहित ऑटो लिफ्टर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । मंडी चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक ऑटो लिफ्टर को चोरी की मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार भानु प्रताप निवासी ग्राम बकुलिया मोती नगर पोस्ट ऑफिस मोटाहल्दू ने 30 जून को मुकदमा दर्ज कराया कि 23 जून को उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 04 एएफ 0711को मिलनबैंकट हॉल की पार्किंग में खडी की थी जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है । उक्त मोटर साईकिल की तलाश में प्रभारी चौकी मंडी गुलाब सिंह कांबोज, कॉन्स्टेबल ललित मेहरा व पवन कंबोज गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चोरी हुई मोटरसाइकिल को मुक्त विश्वविद्यालय के पास पुलिया पर से मय अभियुक्त के बरामदकिया गया। पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता मोहित पुत्र हीरा लाल श्रीवास्तव निवासी ग्राम नाहिल थाना शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश हाल किराएदार संजय गली नंबर 1 हिंदू धर्मशाला के सामने रामपुर रोड बताया। पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार कर लिया।



# डीएम ने पार्किंग व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता) ।जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में शहर में पार्किंग व्यवस्था के संबंध में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका से उनके द्वारा संचालित पार्किंग्स स्थल की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि शहर में स्थापित पार्किंग्स स्थल को पूर्णतया उपयोग में लाया जाय। उन्होंने पुलिस विभाग एवम एआरटीओ को निर्देश दिए कि ऐसे वाहन जो पार्किंग स्थल की बजाय इधर उधर सड़कों में खड़े रहते हैं उन पर आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि जनपद में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर यह देखें कि किन विद्यालयों में मैदान है। ऐसे बड़े मैदानों के विद्यालयों में साय चार बजे के बाद यदि वाहन पार्क हो सकते है तो इस पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के जिन बारातघरो में उनकी अपनी पार्किंग नही है तो वे अपनी पार्किंग की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। यदि सड़क पर बारातघरों से सम्बन्धित वाहन पाए जाते है तो उन पर आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर अनुराग आर्य, एआरटीओ, नगरपालिका व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**जगदीश**
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# डीजीपी ने विद्यार्थियों के साथ साइबर क्राइम पर की चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अशोक कुमार एल डीजीपी उत्तराखंड द्वारा यहां एमबीपीजी कॉलेज में जनपद नैनीताल के विभिन्न कॉलेज के छात्र- छात्राओं को साइबर क्राइम, साइबर सेफ्टी एवं अपनी लिखित पुस्तक साइबर एनकाउंटर के बारे में जानकारी देते हुए साइबर क्राइम से फैल रहे अपराधों की जानकारी एवं बचाव के बारे में चर्चा की। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड द्वारा एमबीपीजी कॉलेज के सभागार में शहर के विभिन्न संस्थानों कॉलेजों में अध्ययनरत स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से डीजीपी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों मैं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य व्यक्तियों को दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर अपराधो की रोकथाम हेतु विभिन्न टिप्स दिए गए। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों से बचाव हेतु सर्वप्रथम हमें साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है। क्योंकि साइबर अपराधों के प्रति हमारा समाज जितना अधिक जागरूक एवं सक्रिय रहेगा

## स्वलिखित पुस्तक साइबर एनकाउंटर की दी जानकारी

साइबर अपराधियों को हम उतनी ही शिकस्त के साथ मात दे सकते हैं।डीजीपी ने बताया कि साइबर अपराधो के केस






वर्कआउट में उत्तराखंड पुलिस किस प्रकार सक्रिय रूप से अपना कार्य करती है। इस बीच उन्होंने कार्यक्रम में शहर के विभिन्न कॉलेजों संस्थानों पाल नर्सिंग कॉलेज, आम्रपाली इंस्टिट्यूट, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड, एमबीपीजी कॉलेज एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा साइबर अपराधों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया।उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु उत्तराखंड पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। जिस हेतु उनके एवं लेखक ओपी मनोचा द्वारा रचित पुस्तक साइबर एनकाउंटर्स जो साइबर अपराधों से संबंधित विभिन्न सच्ची घटनाओं पर आधारित है तथा साइबर अपराधो को रोकने में एक मार्गदर्शक के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। इस मौके पर नीलेश आनंद भरणे पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र,पंकज भट्ट एसएसपी, भूपेंद्र सिंह धोनी क्षेत्राधिकारी, बलजीत सिंह भाकुनी क्षेत्राधिकारी रामनगर, श्रीमती संगीता क्षेत्राधिकारी लालकुआं, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन, हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, नीरज भाकुनी (मंच संचालक) थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, नंदन सिंह रावत थाना अध्यक्ष कालाढूंगी, भगवान महर थाना अध्यक्ष चोरगलिया, प्रमोद पाठक थाना अध्यक्ष काठगोदाम, रमेश बोहरा थाना अध्यक्ष मुखानी सहित पुलिस के समस्त अधिकारीगण, डॉ. हीरा सिंह भाकुनी (प्रोफेसर) इतिहास विभाग एमबीपीजी कॉलेज, नवीन शर्मा एमबी पीजी कॉलेज एवं हल्द्वानी के विभिन्न संस्थानों कॉलेज से आए स्कूल छात्र छात्राएं एवं शहर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में कमिश्नर रावत ने कई समस्याएं सुलझाई

## हेमा को नौ वर्ष बाद दिलाया भूमि पर कब्जा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त दीपक रावत द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में दूर दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा मुख्यत: पेयजल, सडक, पेंशन, भूमि, अतिक्रमण, विद्युत आदि की समस्यायें रखीं। जिनमे अनेक समस्याओं का आयुक्त श्री रावत ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। जनता दरबार में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद के सम्बन्ध में आई जिसका आयुक्त ने राजस्व निरीक्षक, भूमि विक्रेता एवं क्रेता के साथ संवाद कर अधिकांश भूमि विवादों का मौके पर समाधान किया। जनसुनवाई में आयुक्त ने रामडी आन सिंह हल्द्वानी निवासी हेमा पालीवाल को 9 वर्षो के पश्चात भूमि का कब्जा वापस दिलाया। हेमा पालीवाल ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया। हेमा ने बताया कि उसने विजयपुर धमोला कालाढूगी में वर्ष 2014 में भूमि क्रय की गई थी। भूमि की रजिस्ट्री एव दाखिल खारिज होने के बावजूद विक्रेता द्वारा कब्जा नही दिया जा रहा था। जिस पर आयुक्त रावत ने उक्त भूमि की जांच कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिये थे। जिसके क्रम में उपजिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर हेमा पालीवाल के अनुरोध को सही पाया तथा हेमा पालीवाल को भूमि का कब्जा 30 जून 2023 को



दिलाया । सोना देवी ग्राम आनंदपुर किच्छा ने बताया कि अतिक्रमण के कारण दो सरकारी पुलिया बन्द होने से खेतों में काफी नुकसान हो रहा है। जिस पर आयुक्त ने आख्या हेत उपजिलाधिकारी निर्देश दिये थे। उपजिलाधिकारी आख्या के अनुसार पूर्व में सडक पर दो पुलिया खोल दी गई है किंतु दूसरी पुलिया लोनिवि द्वारा सडक बनाने के दौरान तोड़ गई है। जिस पर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता किच्छा को उक्त कार्य हेतु सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट तलब कार्यवाही करने निर्देश दिये।विगत जनता दरबार मे अम्बा दत्त जोशी ने बताया उनका भवन भोलानाथ गार्डन पर है उनके आवास के नीचे सकरी गली में डीजल एवं पेट्रोल से चलने वाले पुराने इंजन एवं अन्य उपकरणों की मरम्मत करने की वर्कशाप है। वर्कशाप के द्वारा वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के साथ ही आवास के कमरे दुर्गन्ध एवं गैस से भरे रहते है। इसकी जांच हेतु प्रदूषण बोर्ड, सिटी मजिस्ट्रेट व नगर आयुक्त को दिए थे। जांच में पाया गया कि वर्कशॉप में अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण उत्सर्जित किया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों को समस्या हो रही है। आयुक्त ने वर्कशाप स्वामी को वर्कशाप साउन्ड प्रुफ बनाने के मौके पर निर्देश दिये। सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज की बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने राजकीय मेडिकल कालेजों में अध्ययनरत एमबी बीएस छात्र-छात्राओं के समान स्टाइपेंड दिलाने का अनुरोध किया। इसके साथ ही जन सुनवाई में आवासीय कालोनी वासुदेवपुरम आरटीओ रोड के निवासियां ने सुरक्षा एवं बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों पर अंकुश हेतु गेट लगाये जाने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया। भुवन पोखरिया निवासी चोर गलिया ने बताया कि आवारा पशुओं के द्वारा किसानों की फसलो का काफी नुकसान होने पर आवारा पशुओं को गौशाला में भेजने का अनुरोध किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकांश शिकायतों का समाधान आयुक्त द्वारा मौके पर किया गया तथा शेष शिकायतों पर आयुक्त शिकायतकर्ता एवं अधिकारी को आगामी जनसुनवाई उपस्थित रहने के निर्देश दिये।

# लाखों की धोखाधड़ी करने वाला अलीगढ़ से गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोन का झांसा देकर अनेक लोगों से लाखो रुपये की धोखाधड़ी करने वाले ग्रुप के मुख्य आरोपी को पुलिस ने अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार देवकी बमेठा पत्नी यतेन्द्र कुमार निवासी आनन्दपुरी फेज-2 नवाबी रोड़ ने 4 दिसंबर 2022 को पुलिस को तहरीर देते हुए कहा था कि सुषमा हलदार, रामकिशन, मनोज कुमार, संजय कुमार आदि के द्वारा लोन पास करने की एवेज में उसके साथ 37 लाख 60 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है। जिसके विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा संपादित की गयी।



घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने घटना से संबन्धित बैंक अकाउंट व संदिग्धों की डिटेल प्राप्त की। साथ ही घटना में लिप्त अभियुक्तों के सम्बन्ध में टीम गठित कर पुलिस टीमों को मुम्बई, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान में भेजा गया। इस बीच 30 जून को अभियोग में संलिप्त मुख्य अभियुक्त संजय कुमार उर्फ संदीप पुत्र शरमन निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को तेरह मोड़, थाना अकराबाद, जनपद अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उसका आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है। संजय के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। आरोपी संजय को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी हीरानगर एवं हेड कांस्टेबल पूरन सिंह मेहरा शामिल थे।

# निवर्तमान डीएम को अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निवर्तमान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत का स्थानान्तण अपर सचिव के पद पर होने पर कलक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, जनपद स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व कलक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों ने निर्वतमान जिलाधिकारी को भावभीनी विदाई दी। सभी अधिकारियों ने निर्वतमान जिलाधिकारी के साथ किये गये अनुभवों को साझा करते हुये विश्वास दिलाया कि आगे भी अपके द्वारा प्राप्त अनुभवों के अनुरूप विकास परक योजनाओं से आम जनता तक सुगमता से लाभ पहुंचाने का प्रयास





किया जायेगा। निर्वतमान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में योजनाएं तभी सफल होती है जब अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा टीम भावना से कार्य करें। उन्होने कहा कि विभागों की जो भी महत्वकांक्षी योजना है उनको सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुये अधिक से अधिक लोगों लाभान्वित करने की कोशिस करें। उन्होने कहा कि जो भी विकास परक योजनाएं संचालित है उसकों संयमित रहते हुये सरलता पूर्वक धरातल पर उतारे ताकि जनपद व प्रदेश एक नई उचाईओं पर पहुंचे। उन्होने कहा कि टीम भावना से कार्य करने से कठिन से कठिन कार्य सरलता पूर्वक सम्पन्न हो जाता है इस लिये सभी लोगों टीम भावना से कार्य करना चाहिये। उन्होने कहा कि जिस प्रकार सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा मुझे सहयोग किया गया उसी प्रकार नये जिलाधिकारी का भी सहयोग करते हुये कार्यो सफलतापूर्वक निर्वहन करेगें। निर्वतमान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने इस जनपद में 01 दिसम्बर 2021 को जिलाधिकारी पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। इस दौरान अधिकारियों/ कर्मचारियों ने निर्वतमान जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेट कर उज्जवल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, एसपी मनोज कत्याल, पीडी हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रविन्द्र बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, सीमा विश्वकर्मा, कौस्तुभ मिश्रा, कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सेना, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, डीपीआरओ आरसी त्रिपाठी, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, तहसीलदारसहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

# सीधे जनता से जुड़कर कार्य करें अधिकारी: उदय राज

## नये डीएम ने संभाला कार्यभार, अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में नव नियुक्त जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने शनिवार को जिला कार्यालय पहुँचकर





कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात जिलाधिकारी श्री सिंह ने एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलैक्ट्रेट में संक्षिप्त परिचय बैठक में सभी अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप स्वच्छ व पारदर्शिता के साथ प्रशासन द्वारा सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाना है। उन्होने कहा कि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ सीधे जनता तक पहुंचाये इस सोच के साथ कार्य करें। उन्होने साफ तौर पर कहा कि सीधे जनता से जुड़कर कार्य करें ताकि हमारे व जनता के बीच में कोई ऐसी कड़ी न हो जिससे की जनता को उनके लाभ से वंचित रखे। उन्होने कहा कि जनता को लगना चाहिये कि त्वरित, पारदर्शिता व सुगमता से न्याय मिल रहा है।उन्होने कहा कि अभी बरसात का सीजन चल रहा है इसको ध्यान में रखते हुये कही पर बाढ़ या जल भराव की स्थिति न हो इस पर कार्य किया जायेगा। जो भी विकास परक योजनाएं चल रही है उसे त्वरित गति से ससमय पूर्ण कराया जायेगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट परिसर में रूद्राक्ष का पौधा भी लगाया व कलैक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। नव नियुक्त जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कैम्प कार्यालय पहुंच कर निर्वतमान जिलाधिकारीयुगल किशोर पंत भेट की। इस अवसर पर एस एसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, एडीएम जय भारत सिंह सहित अन्य ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया सेनेटरी वेंडिंग मशीन का प्रशिक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मेरी सहेली सेनेटरी वेंडिंग मशीन का प्रशिक्षण विकास भवन सभागर कक्ष रुद्रपुर में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दिया गया। जनपद उधम सिंह नगर में कुल 1080 आंगनबाडी केन्द्र में सेनेटरी वेंडिंग मशीन का वितरण किया जाना प्रस्तावित है। मुख्य विकास



अधिकारी विशाल मिश्रा ने सेनेटरी वेंडिंग मशीन का उद्घाटन किया। साथ ही कार्यक्रम उपस्थित समस्त बाल विकास परियोजना, समस्त पर्यवेक्षक, रुद्रपुर ग्रामीण रुद्रपुर शहर की कुल 256 आगनवाड़ी कार्यकत्रियो को प्रशिक्षण दिया गया। साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी दवारा सेनेटरी पैड से संबंधित जानकारी दी गई।

# विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष के मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।



# मोदी सरकार ने खिलाड़ियों को दिया अनुकूल वातावरण: भट्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एव पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क के चलते राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन अवार्ड से सम्मानित पैरा बैटमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार के आवास पर जाकर मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सम्पर्क किया। अजय भट्ट बोले मनोज सरकार हमारे उत्तराखंड का गौरव है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम गर्व से उच्च करने का कार्य किया है, निश्चित रूप से 2014 में मोदी सरकार आने के बाद खिलाड़ियों की सुविधाएं को ध्यान रखते हुए उनको अच्छे अभ्यास ओर उनकी तैयारी के अनुकूल वातावरण दिया है जिसका परिणाम है कि ओलंपिक हो या अन्य राष्ट्रमण्डल खेलो के भारत के खिलाड़ियों हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ाया है हमारे पदकों की संख्या हर बार बढ़ती जा रही है यह सब मोदी सरकार



की खेल भावना के प्रति सोच का परिणाम है। मनोज सरकार ने कहा वह 38 देश मे खेलने गये है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान विदेशो में बढ़ा है और वर्तमान में हम देश के लिये जब खेलने अन्य देशों में जाते तो आज भारत के खिलाड़ियों के प्रति देखने का नजरिया बदला है और हमारे लिये यह गर्व की बात है, निश्चित रूप से खेल के क्षेत्र में सुविधा बढ़ी है और अनेको बदलाव आये हैं। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ,मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राजीव चौधरी,राजेश जग्गा, ईश्वर मलिक, योगेश वर्मा, मनोज मदान, विनय विश्वास, राजन राठौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# सिटी मजिस्ट्रेट ने औचक दबिश में बरामद की अवैध शराब



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अवैध शराब के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए सिटी मजिस्टेट ने आबकारी टीम के साथ ट्रांसपोर्टनगर स्थित एक दुकान के गोदाम में औचक छापेमारी कर वहां से अवैध रूप से रखी 4 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की साथ ही मौके पर टीम ने एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को मुखबिर से यह सूचना मिली कि ट्रांसपोर्टनगर स्थित एक दुकान के गोदाम में अवैध शराब रखी हुई है। जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने आबकारी प्रभारी निरीक्षक धीरज बिष्ट को बुलवा कर संयुक्त टीम के साथ बताए गए स्थान में छापेमारी की। लेकिन दुकान संख्या 83 बंद पाई गई। जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद गोदाम को ताले को तोड़ा गया और गोदाम के अंदर से 4 पेटी अवैध शराब 188 पव्वे अंग्रेजी व देशी के बरामद हुई। टीम ने मौके से अभिषेक तेजवानी पुत्रा संजय तेजवानी को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र वासियों में इस बात पर पिछले काफी समय से रोष व्याप्त है कि ट्रांसपोर्ट नगर में काफी समय से अवैध शराब की तस्करी हो रही है लेकिन ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।। प्रशासन की इस छापेमारी से आसपास के शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। टीम ने दुकान को सील करते हुए आरोपी युवक खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।




# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मानसून का कहर

मानसून का बरसना सुखद भी है और तबाही भी है। किसानों के 15 करोड़ से अधिक परिवारों के लिए 'संजीवनी' भी है, क्योंकि आज भी खेती बरसात की धार पर आश्रित है। किसान अक्सर आसमान की ओर टुकुर-टुकुर देखता रहता है, जब मानसून देरी से आता है। मानसून का मानवीय आयाम बेहद भयावह भी है। अब बरसात के मौसम में पहाड़ टूटते हैं। भू-स्खलन होते हैं, तो प्रलय-सा सैलाब भी आता है। आपदा के साथ विनाश भी बरसता है। सडकें तालाब बन जाती हैं। पानी के जबरदस्त बहाव से घर टूट जाते हैं या कच्चे, पुराने मकान सैलाब में बह जाते हैं। राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर, बरसात के पानी में, करंट दौडने लगता है, नतीजतन एक 35 वर्षीय महिला की वहीं मौत हो जाती है। एक घर अनाथ हो गया! मानसून ने तो नहीं चाहा था। वह तो हर साल बरसता है। महानगरों में जल-भराव इतना हो जाता है कि सडक और गड्ढे का फर्क गायब हो जाता है। दुर्घटनाएं और मौत बिन बुलाए आती हैं। जिंदगी और रवानगी ठहर जाती हैं। अब मानसून मूसलाधार बरसता है, लिहाजा असम राज्य में 2 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 5 लाख लोग बारिश और बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। वहां 1200 से अधिक गांव डूब चुके हैं। चारों ओर तबाही का मंजर है। यह असम की नियति है, जो कई दशकों से जारी है। साल में छह माह असम बाढग्रस्त रहता है। शेष छह माह खुद को संभालने, जीवन को पटरी पर लाने की मशक्कत में गुजर जाते हैं, लेकिन उसके बाद भी बर्बादी और बिखरनाङ्ग! बाढ़ और आपदा राहत के नाम पर बजट खर्च कर दिया जाता है और फिर अगली तबाही का इंतजार किया जाता है। यही हमारी सरकारी व्यवस्था है। मानसून की अभी तक की बारिश में, देश भर में, 30-35 मौतें हो चुकी हैं। यह आंकड़ा घोषित है, अघोषित यथार्थ की कोई जानकारी नहीं है। अब मूसलाधार बारिश ऐसी होती है मानो मानसून तीन महीने का नहीं, कुछ ही दिनों के लिए बरसेगा! फिर बहुत कुछ तबाह कर, बिखेर कर या विनाश कर लौट जाएगा। ऐसे मौसम की जरूरत क्या है? यह जलवायु-परिवर्तन का असर है। बेशक आप मौसम की इस अवधारणा को स्वीकार न करें, लेकिन पूरा विश्व चिंतित है।अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भयातुर विमर्श किए जा रहे हैं। भारत में मानसून की अभी तो शुरुआत है, लेकिन मौसम विभाग ने 11 राज्यों-पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, पश्चिमी उप्र, राजस्थान, मप्र, छत्तीसगढ़, केरल, महाराष्ट्र और गुजरात-में अलग-अलग स्तर के अलर्ट जारी किए हैं। कुछ भी अनहोनी, अनिष्ट घट सकता है! इन राज्यों में मध्यम से भारी बारिश हुई, तो तबाही के नए मंजर सामने आएंगे। दुर्भाग्य है कि हमारी व्यवस्था, सरकारों, अधिकारियों ने बारिश और बाढ़ के कहर से कोई सबक नहीं सीखा है। व्यवस्था बारिश को कुदरत का प्रकोप मान कर अपना दायित्व निभा लेती है। 'आपदा' करार देकर बचने की कोशिश की जाती है। शहरों और गांवों में ड्रेनेज बंद पड़े रहते हैं। उनकी सफाई सालों-साल नहीं की जाती, अलबत्ता उसके नाम के मोटे-मोटे खर्च दिखा दिए जाते हैं। आखिर भ्रष्टाचार भी तो होना चाहिए न! महानगरों में भी गली-सड़ी व्यवस्थाएं हैं। आखिर कब तक हमारे शहर-गांव डूबते रहेंगे? क्या ऐसे मुद्दे पर कभी, कोई चुनावी शोर सुना है? क्या इन समस्याओं पर कोई जनादेश दिया गया है? बारिश और बाढ़ हर साल आती हैं। फिर उन्हें रोकने के बंदोबस्त क्यों नहीं किए जाते? देश में विकास के नाम पर राजनीति की जाती रही है, लेकिन हमारी सरकारों, दलों और नेताओं को शायद यह जानकारी नहीं है कि बेलगाम बारिश और बाढ़ विकास को औसतन 3 फीसदी सालाना पीछे धकेल देती हैं! शायद इसीलिए बारिश और बाढ़ के प्रबंधन पर कोई सार्थक काम नहीं किया जाता। अभी मानसून देश के पूर्वी, मध्य, उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी राज्यों में 5 दिन लगातार सक्रिय रहेगा, जाहिर है कि बरसात भी होगी।

# ऑडिटोरियम और पार्किंग के लिये बार को 25 लाख देने की घोषणा




रुद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एव पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर सम्पर्क से समर्थन अभियान के अंतर्गत रुद्रपुर जिला बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं के बीच केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के समर्थन में मिसकॉल करवा कर समर्थन करवाया। जिला बार कार्यालय पहुँचे पर अजय भट्ट का बार के पदाधिकारियों व अधिवक्तों द्वारा स्वागत किया। अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पूरे होने पर कहा देश ने मोदी सरकार के कार्यकाल में विकास की रफ्तार में तेजी आई है , हम बात करें रक्षा क्षेत्र की तो आज हम देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए स्वदेशी हथियारों का निर्माण कर रहा है और यह हमारी उपलब्धि है कि अन्य देश हमारे यहाँ बनने वाले गोला बारूद को खरीद रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कोने कोने में वन्दे भारत ट्रेन की सौगात देना का कार्य किया है तो वही देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ता नजर आ रहा है आज गांव गरीब हर वर्ग तक मोदी सरकार ने विकास कार्यों को पहुँचाया है। अजय भट्ट ने कहा आप सभी अधिवक्ता गण जो हर व्यक्ति को न्याय दिलाने में उनकी आवाज बनते हैं आपकी सेवा सरहानीय है। बार में ऑडिटोरियम निर्माण व पार्किंग निर्माण के लिये अजय भट्ट ने 25 लाख की धनराशि देने की घोषणा भी की। अजय भट्ट ने कहा पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा यहां कार्य करवाये गये है आगे भी जरूरत अनुसार कार्य करवाये जायेगे। इस दौरान विधायक शिव अरोरा भी मौजूद रहे उन्होंने ने भी कहा पूर्व में पार्किंग में टिन शेड का निर्माण विधायकनिधि से करवाया है और हमको बार की टीम का समर्थन समय समय पर मिलता रहता है , साथ ही हमको विश्वास है कि आने वाले लोकसभा चुनाव सभी एक बार फिर से मोदी सरकार के कार्य पर मोहर लगाई ऐसा पूर्ण विश्वास है, इस दौरान जिला बार से दिवाकर पांडेय,लक्ष्मी नारायण धीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र गिरधर, धीरेश गुप्ता, मनोज मदान, महावीर सिंह, राजन राठौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला अधिकारों को लेकर आंतरिक सुरक्षा कमेटी बनाने के दिये निर्देश

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने हिमाद्री हंस हैंडलूम उद्योग डीनापानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला अधिकारों की सुरक्षा को लेकर विशाखा गाइडलाइन के अनुसार आंतरिक कमेटी बनाने के निर्देश दिएशनिवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने हिमाद्री हंस हैंडलूम उद्योग का औचक निरीक्षण कियाइस दौरान जानकारी लेने पर पता चला कि वहां महिला अधिकारों की सुरक्षा के लिए आंतरिक कमेटी का गठन नहीं किया गया हैजिस पर उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजशेखर को



विशाखा गाइडलाइन के अनुसार जल्द कमेटी बनाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि कमेटी हर तीन महीने में बैठक करे। समिति में एक आपकी संस्था से हटकर कोई महिला अधिकारों में काम करने वाले व्यक्ति को शामिल करेसमय समय पर समस्याएं सुने और उनका समाधान भी करें। इसके बाद उपाध्यक्ष ने वहां काम कर रही थी 180 महिलाओं से समस्याएं पूछी। उन्होंने कार्यस्थल पर जाकर महिला को कताई-बुनाई करते हुए देखा और प्रोत्साहित किया ।राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ज्योति ने मौके पर सरकार के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए और सशक्त करने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैजिसका अधिक से अधिक लाभ उठाए। कोई भी जानकारी चाहिए या समस्या आए तो उसके लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। हर संभव मदद की जाएगी।

# गुरु कृपा बिन मानव जीवन व्यर्थ: वार्ष्णेय

हल्द्वानी । बिन गुरू ज्ञान कहाँ से पाऊँ मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गुरू की कृपा के बिना कोई महत्व नहीं है । इसीलिये सनातन धर्म में आदिकाल से गुरू के महत्ता को सम्मान दिया गया है । ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि आदिगुरू महर्षि वेदव्यास की स्मृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा, गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि महर्षि वेदव्यास ने अपने जीवन काल में श्रीमदभागवत, महाभारत, ब्रह्मसूत्र तथा अट्ठारह अन्य पुराणों की रचना कर मानव जीवन को सशक्त बनाने का मार्गदर्शन किया था। इसी पूर्णिमा को बोद्ध धर्म को मानने वाले लोग भी गुरू पूर्णिमा के रूप में मना कर भगवान बुद्ध की उपासना करते हैं। गुरु पूर्णिमा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस बार गुरू पूर्णिमा 3 जुलाई, सोमवार को मनाई जायेगी। जबकि पूर्णिमा का व्रत का पालन 2जुलाई, रविवार को किया जायेगा। गुरू पूर्णिमा के दिन अपने-अपने गुरू जिन्होंने आध्यात्मिक, शिक्षा, संगीत तथा अन्य जीवनोपयोगी कलाओं का ज्ञानार्जन कराया है, उनका श्रद्धानुसार पूजन करने से जीवन में सुख समृद्धि आती है। 2जुलाई की रात्रि 8 बजकर 21 पर पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होकर अगले दिन 3जुलाई, सोमवार को सायंकाल 5 बजकर 8 मिनट तक रहेगी। इस मध्य ब्रह्म, इन्द्र तथा बुधादित्य योग निर्माण पूर्णिमा को विशेष शुभता प्रदान कर रहे हैं। जिन जातकों की कुण्डली में गुरू ग्रह कमजोर है, वो गुरू पूर्णिमा के दिन बृहस्पति की पूजा कर बृहस्पति ग्रह को मजबूत कर सकते हैं।

# विद्युत चोरी में दो के खिलाफ रपट

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान दो भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े। दोनों भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड अंशुल मदान ने दर्ज रपट में कहा है कि एक जुलाई को सायं विभागीय टीम द्वारा औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान कौशल्या फेज 2 बगवाड़ा निवासी मुन्नी देवी पत्नी नरोत्तम तथा प्रीत विहार फाजलपुर महरौला निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र रामपाल के भवनों में विद्युत चोरी के मामले सामने आये। प्रयोग की जा रही केबल मौके पर जब्त कर ली गई। पुलिस ने दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरु

हिंदू धर्म में आषाढ़ माह की पूर्णिमा का दिन वर्ष के सबसे शुभ दिनों में से एक है। इसी दिन को गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष यह उत्सव 3 जुलाई 2023, सोमवार के दिन



मनाया जाएगा। गुरु पूर्णिमा वाले दिन ब्रह्म योग, इंद्र योग और बुधादित्य राजयोग बन रहा है. इन शुभ योग में गुरुओं दीक्षा लेना शुभफलदायी होगा। गुरु की चरण वंदना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी. जीवन के कष्ट दूर होंगे.सफलता की राह आसान होगी। ब्रह्म योग – 02 जुलाई 2023, रात 07.26 – 03 जुलाई 2023 दोपहर 03.45 इंद्र योग – 03 जुलाई 2023, दोपहर 03.45 – 04 जुलाई 2023, सुबह 11.50 बुधादित्य योग – 24 जून को बुध का मिथुन राशि में प्रवेश होगा. सूर्य पहले से ही मिथुन राशि में विराजमान हैं. ऐसे में इन ग्रहों की युति से बुधादित्य राजयोग बन रहा है। ऋषि वेद व्यास का जन्म गुरु पूर्णिमा के दिन हुआ था। वेद व्यास को कई पुराणों, वेदों और महाभारत जैसे कुछ सबसे महत्वपूर्ण हिंदू ग्रंथों का रचियता होने का श्रेय प्राप्त है। गुरु पूर्णिमा वेद व्यास के सम्मान में मनाई जाती है, वे प्राचीन भारत के सबसे सम्मानित गुरुओं में से एक है। आधुनिक शोधों में भी यह बात सिद्ध होती है कि वेद व्यास ने हिन्दू संस्कृति के चारों वेदों की संरचना की, महाकाव्य महाभारत की रचना की, कई पुराणों के साथ-साथ हिंदू सभ्यता की पवित्र विद्याशैली के विशाल विश्वकोशों की नींव रखी। जिस दिन भगवान शिव ने आदि गुरु या मूल गुरु के रूप में सप्त ऋषियों को ज्ञान दिया था, जो सभी वेदों के दृष्टा थे। योग सूत्र में प्रणव या ओम के रूप में ईश्वर को योग का आदि गुरु कहा गया है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध ने इसी दिन सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था, जो इस पवित्र दिन की महत्ता को चिन्हित करता है। गुरु पूर्णिमा हमारे अज्ञान को दूर करने वाले शिक्षकों के सम्मान में मनाई जाती है। प्राचीन काल से ही शिष्यों के जीवन में गुरु का विशेष स्थान रहा है। हिंदू धर्म की सभी पवित्र पुस्तकें गुरुओं के महत्व और एक गुरु और उनके शिष्य (शिष्य) के बीच के असाधारण बंधन को दर्शाती हैं। एक सदियों पुराना संस्कृत वाक्यांश माता पिता गुरु दैवम कहता है कि पहला स्थान माता के लिए, दूसरा पिता के लिए, तीसरा गुरु के लिए और आगे भगवान के लिए आरक्षित है। इस प्रकार, हिंदू परंपरा में शिक्षकों को देवताओं से ऊंचा स्थान दिया गया है। गुरु पूर्णिमा मुख्य रूप से दुनिया भर में हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध समुदायों द्वारा गुरुओं या शिक्षकों के सम्मान में मनाई जाती है। भारत में, गुरु दैनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान रखते हैं, क्योंकि वे अपने शिष्यों को ज्ञान और शिक्षा प्रदान करते हैं। किसी व्यक्ति के जीवन में गुरु की उपस्थिति उन्हें सही दिशा की ओर लेकर जाने का काम करती है, ताकि वह एक सैद्धांतिक जीवन जी सके। बौद्ध धर्म के अनुयायी भी गुरु पूर्णिमा के दिन का सम्मान करते हैं, क्योंकि भगवान बुद्ध ने सारनाथ में अपना पहला उपदेश इसी दिन दिया था। गुरु पूर्णिमा के इस पवित्र दिन पर, जहां भारत में लोग इस त्योहार को अत्यधिक धार्मिक महत्व देते हैं, इसीलिए हमने यहां इस शुभ दिन को पूरे दिल से विधि-विधान के साथ मनाने के सर्वोत्तम तरीकों का वर्णन किया हैं। अपने गुरुओं का आभार व्यक्त करने वाला दिन है। आमतौर पर यह आभार हमारे देवताओं जैसे गुरुओं की पूजा और कृतज्ञता व्यक्त करके मनाई जाती है। मठों और आश्रमों में, शिष्य अपने शिक्षकों के सम्मान में प्रार्थना करते हैं। लेकिन अगर आप यह जानना चाहते है कि गुरु पूर्णिमा के दिन क्या करें? या गुरु पूर्णिमा पर क्या करना चाहिए, तो हम आपको बता दें कि इस दिन, व्यक्ति को गुरु के सिद्धांत और शिक्षाओं का पालन करने के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए और उनके दिए ज्ञान को अभ्यास में लाना चाहिए। हिन्दू संस्कृति में गुरु पूर्णिमा के साथ ही विष्णु पूजा को भी महत्व दिया जाता है। इस दिन विष्णु सहत्रनाम का पाठ करना चाहिए जिसमे भगवान विष्णु के हजार नाम वर्णित है। इस शुभ दिन पर अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने की कोशिश करें और अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें। गुरु शब्द को इस तरह समझें कि गु संस्कृत का मूल शब्द है जिसका अर्थ है अज्ञान या अंधकार और रू उस व्यक्ति को दर्शाता है जो उस अंधकार को दूर करता है। इससे आप समझ सकते हैं कि गुरु वह व्यक्ति है, जो आपके जीवन से अज्ञान को मिटाता है, इसलिए गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरु के प्रति अपना सारा सम्मान प्रकट करें और उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। यह दिन आप अकादमिक और आध्यात्मिक दोनों शिक्षकों को समर्पित कर सकते है। इसके अलावा, यह शुभ दिन ध्यान के लिए सबसे अच्छा माना जाता है और साथ ही योग साधनाओं के लिए भी यह दिन अति उत्तम माना गया है। आप इस दिन से अपनी दिनचर्या को अधिक बेहतर, सैद्धांतिक और अनुशासित बनाने का प्रण ले सकते हैं। सबसे पहले आप गुरु को नमन करें। यदि आपके गुरु आपके पास हैं, तो उन्हें तिलक लगाएं और आरती करें। यदि गुरु आपके पास नहीं हैं, तो गुरु के चित्र पर माल्यार्पण करें। गुरु पूर्णिमा पूजा में आप गुरु के द्वारा दिए गए मंत्र का जाप जरूर करें। गुरु पूर्णिमा के इस दिन से जुड़ी का बड़ा महत्व है। तो इस दिन भगवान विष्णु की प्रार्थना करने का सबसे अच्छा तरीका विष्णु सहस्रनाम का पाठ करना है जो भगवान विष्णु के एक हजार नाम की सूची हैं। गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः।। गुरु की महिमा को संस्कृत श्लोक के माध्यम से व्यक्त किया गया है। यह श्लोक कहता है कि गुरु का स्थान देवों में भी सर्वोपरि है। गुरु ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं। वे स्वयं परम ब्रह्म हैं और हम उन गुरु को प्रणाम करते हैं। वैदिक ज्योतिष के सिद्धांतों के अनुसार, आप एक अभ्यस्त और ऊर्जावान गुरु यंत्र की पूजा भी कर सकते हैं, खासकर यदि बृहस्पति ग्रह एक या अधिक ग्रहों के साथ आपकी जन्म कुंडली में मौजूद हों। यह आपकी कुंडली में गुरु या भगवान बृहस्पति के अच्छे प्रभावों को मजबूत करने में आपकी मदद करेगा। यदि आपकी जन्म कुंडली में गुरु अपनी नीच राशि यानी मकर राशि में है, तो आपको नियमित रूप से किसी गुरु यंत्र की पूजा करनी चाहिए। आपकी जन्म कुंडली में बृहस्पति-राहु, बृहस्पति-केतु या बृहस्पति-शनि की युति होने पर भी गुरु यंत्र की पूजा करना आपके लिए अनुकूल है। यदि गुरु आपकी कुण्डली में नीच भाव में अर्थात छठे, आठवें या बारहवें भाव में है तो आपको किसी ऊर्जावान गुरु यंत्र की पूजा करनी चाहिए। गुरु ग्रह के दुष्प्रभावों से बचने के लिए पुखराज भी पहना जा सकता है।धन-दौलत, व्यापार, नौकरी, संतान या स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की समस्या आपको नहीं होगी।

**पंडित अतुल शास्त्री**
ज्योतिष गुरू,ज्योतिष सेवा केन्द्र

# पूर्व सैनानी एकता समिति ने किया एक दिवसीय अनशन

काशीपुर(उद संवाददाता)। संघर्ष न्याय एवं सम्मान के लिए पूर्व सैनानी एकता समिति द्वारा उपजिलाधिकारी कार्यालय पर एक दिन का अनशन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व सैनिकों यह संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्ध नही बल्कि सिस्टम में हमारे लिए सम्मान की स्थापना के लिए है। यह संघर्ष मौजूदा सिस्टम व सरकारों को यह बताने के लिए है कि हम भी माँ भारती के ही सुपुत्र है तथा हमारे त्याग / बलिदान / खून को कम न आँके।यह संघर्ष यह बताने के लिए भी है कि हमारे से संबन्धित फैसले लेते समय हमसे ही विमर्श हो। एक दिवसीय भूख हड़ताल में फेडरेशन ऑफ वेटरन एसोसिएशन (थ्ट।), जोकि देशभर के पूर्व सैनिकों (जे. सी. ओ./ जवान/ एच. सी. ओ.) के आह्वान पर सरकार को अपनी एकता तथा संख्या बल का अहसास कराने के लिए किया



गया है। काशीपुर में भी पूर्व सैनिक अपनी संगठित आवाज को प्रभावशाली तरीके से सरकार तक पहुंचाने के लिए भारी संख्या में पूर्व सैनानी 20 फरवरी 23 से जन्तर मन्तर पर चल रहे घरने को सभी पूर्व सैनिकों के सहयोग से आगे बढा रही हैाने ही एक दिवसीय भूख हड़ताल का आवाहन किया है।यह भूख हड़ताल देशभर में जिला स्तर पर की जा रही है। इस अवसर पर कार्यकारिणी के कैप्टन मानसिंह, कैप्टन आनन्द सिंह, कैप्टन के एस खाती, सुबे मेजर त्रिलोक सिंह नेगी, सुबे मेजर अरबिन्द सिंह, हवलदार मोहन सिंह, हवलदार विनोद सिंह नेगी,ना. सु. (रि)जगदीश चन्द्र बौड़ाई,सचिव पूर्व सैनानी एकता समिति के लोग उपस्थित रहे।

# जनसंपर्क कर बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

गदरपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय द्वारा महा जन सम्पर्क के तहत नगर के वार्ड नं 4 सकैनिया रोड स्थित कालोनी से जन सम्पर्क की शुरवात करते हुए नगर के मुख्य बाजार सकैनिया मोड़ व गुलरभोज रोड के व्यापारियों से संपर्क करते हुए 90 90 90 20 24 पर मिस कॉल कर देश के प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन दिलाया। अरविंद पांडे ने कहा 9 वर्षो के मोदी सरकार के कार्यो ने आज भारत देश को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के हितों में केंद्र सरकार द्वारा लगातार योजनाएं लागू की जा रही है जिसका पूरा फायदा अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है आज हमारा देश का नाम हर देश में गर्व से लिया जाता है जिसका पूरा श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने वह आयाम स्थापित किए हैं जिसकी कल्पना भी करना बहुत मुश्किल है उन्होंने क्षेत्रीय जनता से लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में अपने मत को दिए जाने एवं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का आवाहन किया। इस मौके पर सुभाष गुंबर ,अनिल जेटली ,महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अरोरा ,लक्ष्मी चौहान, कुलबीर चौधरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश भुड्डी ,संतोष गुप्ता, जिला मंत्री चंकित हुड़िया, राजेश गुंबर ,पंकज सेतिया ,युवा मोर्चा अध्यक्ष मुनि भुसरी, राजेश सक्सेना ,प्रवीण कुमार ,राकेश चावला ,संतोष



श्रीवास्तव, अंकित हुड़िया, रोहित सुदामा ,सतीश मिड्डा,राकेश कुमार सिंह, रवि पाल ,उमेश गुप्ता, भारत सिंह, सुभाष ठकराल, सन्नी बत्रा, राजीव पपनेजा,गौतम पपनेजा, सुभाष नारंग, सतीश छाबड़ा, विपिन गुप्ता, जोगा सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

# मीना ने परिवार को बंधाया ढांढस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा शनिवार को ओम पब्लिक स्कूल के पास शिव नगर पहुंची। जहां उन्होंने शोक संतप्त पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंध या। उल्लेखनीय है कि विजय शर्मा पुत्र स्वर्गीय रतनपाल शर्मा की बहिन का विवाह



11 वर्ष पूर्व दूधिया नगर निवासी अजय शर्मा के साथ हुआ था जिसने 2 दिन पूर्व घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर लगते ही श्रीमती शर्मा शिवनगर पहुंची, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, विजय शर्मा, ओंकार ,अरविंद सक्सेना, ज्ञान प्रकाश सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे ।

# बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर की चर्चा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी रीना जोशी की वेअध्यक्षता एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड प्रताप सिंह शाह की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री शाह ने आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के बाबत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग बहुत ही गंभीर है। भारत निर्वाचन आयोग का विशेष फोकस आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह आवश्यक होगा कि मतदाता सूची को



पारदर्शी बनाया जाय। मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने के लिए बूथवाईज टीमों का गठन किया जाय जो संबंधित बूथ क्षेत्र में मतदाताओं के समक्ष मतदाता सूची में दर्ज लोगों के नाम पढ़कर सुनायेगी। ऐसा करने से संबंधित क्षेत्र के मृतक मतदाताओ अथवा अन्यत्र निवास करने वाले मतदाताओं की जानकारी स्थानीय लोगों से मिल सकेगी।जिससे मतदाता सूची को पारदर्शी बनाया जा सकेगा। श्री शाह ने कहा कि वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह भी आवश्यक होगा कि स्वीप कार्यों की कार्ययोजना का निर्माण भी बेहतर ढंग से किया जाय। जिन बूथों पर पिछली बार कम वोट पड़े हैं वहां के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाय तथा स्वीप संबंधी कार्य अभी से प्रारंभ कर दिये जायें।उन्होंने कहा कि जनपद के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों का चयन औचित्य पूर्ण आधार पर किया जाय तथा जनपद के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों के चयन का कारण भी स्पष्ट किया जाय। श्री शाह ने कहा कि स्वीप व पुनरीक्षण आदि कार्यों के लिए अभी से नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनके दायित्व निध रित कर दिये जायें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताए गये सुझावों पर अमल करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अब सेंसर से संचालित होंगे कोसी बैराज के सभी गेट

रामनगर(उद संवाददाता)।मानसून की दस्तक के बाद स्थानीय प्रशासन के अलावा सिंचाई विभाग भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। रामनगर में स्थित कोसी बैराज के सभी गेट अब हाईटेक करने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के अवर अभियंता जावेद अहमद ने बताया कि कोसी बैराज पर 10 गेटों से पानी की निकासी का कार्य किया जाता है तथा मानसून के दौरान कोसी बैराज का जलस्तर बढ़ने के चलते वहां तैनात कर्मचारियों द्वारा हाथों से गेटो को उठाने का कार्य किया जाता था तथा लाइट ना होने के कारण कई बार कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि अब बैराज पर लगे सभी गेटों को हाईटेक करने की तैयारियां शुरू हो गई है तथा 15 जुलाई तक इन सभी गेटों को नई तकनीकी के तहत जोड़ दिया जाएगा। अवर अभियंता ने बताया कि कोसी बैराज क्षेत्र में 10



सीसीटीवी कैमरे एवं तीन सेंसर लगाने का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नदी में होने वाली गतिविधियां कैद होंगी तो वही सेंसर के माध्यम से जैसे ही पानी का जलस्तर बढ़ेगा तो सेंसर अपना काम शुरू कर देंगे और गेट स्वयं ऊपर उठना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया एक सेंसर गर्जिया क्षेत्र में स्थित नदी में लगाया गया है यदि पानी बढ़ता है तो गर्जिया क्षेत्र से रामनगर पानी पहुंचने में करीब आध ा घंटे का समय लगता है। क्षेत्र में पानी जैसे ही बढ़ेगा तो उसकी सूचना नई तकनीकी का माध्यम से तुरंत रामनगर में मौजूद कंट्रोल रूम को मिलेगी जिसके बाद यहां तैनात कर्मचारी अलर्ट होने के साथ ही अपना काम शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया कि सेंसर प्रक्रिया शुरू होने से अब बैराज पर कर्मचारियों की निर्भरता भी कुछ हद तक कम होगी।

# अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने एक शराब तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल अमित जोशी और महेंद्र कुमार गश्त कर रहे थे । इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वह रम्पुरा गुरुद्वारे के गेट के पास पहुंचे। उन्हें देख एक व्यक्ति कट्टा उठाकर प्रीत विहार सड़क की तरफ भागा। जिस पर पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कुलवंत सिंह पुत्र बख्तावर सिंह निवासी रम्पुरा गुरुद्वारे के पास बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 45 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर कुलवंत सिंह कें विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# हाईटेंशन लाइन खेत में गिरने से गाय की मौत, हड़कंप

रामनगर(उद संवाददाता)।रविवार की सुबह रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र स्थित हिम्मतपुर ब्लॉक में विद्युत विभाग की 11 हजार केवीए की लाइन अचानक टूट कर एक खेत व करीब दो दर्जन ग्रामीणों की छत पर गिरने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक ग्रामीण की पालतू गाय इसकी चपेट में आ गई जिससे गाय की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई । घटना के बाद कई घरों में करंट फैल गया जिसके बाद इलाके में जहां एक ओर हड़कंप मच गया । कुछ लोगों द्वारा तुरंत इसकी सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों



को दी गई जिसके बाद अधिकारियों ने विद्युत सप्लाई को बंद कर दी हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन एक बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ नाराजगी भी व्यक्त की है। घटना के संबंध में पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल ने बताया कि घटना को लेकर विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा को लेकर विभाग को जो कार्य कराने चाहिए उसमें विभाग पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है ।मामले में विद्युत विभाग के जेई रमेश बिष्ट ने बताया कि विद्युत लाइन में बैक करंट आने के चलते यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि टूटी हुई विद्युत लाइन को दुरूस्त कराने के साथ ही पशु स्वामी को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में इस प्रकार की घटना ना हो उसको लेकर जाल लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

# युवा व्यापारी राजेश का निधन,नगर में शोक

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के युवा व्यापारी राजेश मिस्त्री (38 वर्ष) पुत्र निर्मल मिस्त्री निवासी सुरेंद्र नगर का लम्बी बीमारी के चलते ऋषिकेश के एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही क्षेत्र



में शोक की लहर दौड़ उठी। लम्बे समय से बीमार राजेश को ऋषिकेश के एम्स में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। उनका पार्थिव देह रात्रि घर पहुंचा। मृतक व्यापारी राजेश अपने पीछे 8 वर्षीय पुत्री , पत्नी, माता पिता सहित परिवार वालो को रोता बिलखता छोड़ गये। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने लोगो का ताँता लगा रहा। आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के आह्वान पर शोक में बाजार बंद रहा। शोक व्यक्त करने वालो में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, अजय जायसवाल, रविन्द्र अग्रवाल, विक्की मण्डल, सुमित मण्डल, रामचंद्र राय, अशोक मण्डल, विश्वजीत हालदार, कृपा सिंधु, हीरा, गुड्डू सिंह, उत्तम दास, दीपक बड़ाल, देवशीष पोद्दार, अजित शाहा, गोविंद पोखरिया, गोविंद सरकार, परेश मण्डल, राजा हालदार, कार्तिक राय, श्यामल राय, विजय बागला, सुजीत मण्डल, नारायण आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**महिला की मौत पर .....**वर्षीय लक्ष्मी रंग पत्नी शिवपद का 22 जून को ब्रेन हेम्रेज हुआ था। परिजन उसे उपचार के लिए आवास विकास स्थित डा. रनवीर सोलंकी के निजी हास्पीटल द न्यूरो सेंटर लेकर आये थे। जहां डा. द्वारा उसी दिन आपरेशन किया गया। तब से लक्ष्मी हास्पीटल में ही भर्ती थी। आज सुबह महिला की अचानक तबीयत तेजी से बिगड़ गई और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इस पर परिजनों के साथ भारी संख्या में कालोनी वाले अस्पताल आ पहुंचे और उन्होंने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर ट्रांजिट कैम्प थाना के इंस्पेक्टर सुंदरम शर्मा, आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा पुलिस कर्मियों के साथ पहुंची। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाया। वहीं चिकित्सालय के डाक्टर सोलंकी का कहना है कि लक्ष्मी को हार्ट अटैक हुआ था जिस कारण उसकी मौत हुई है। उसके इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। बाद में पुलिस की मौजूदगी में मामला निपट गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। जिस पर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हंगामा करने वालों में पार्षद प्रीति साना, भाजपा नेता राधेश शर्मा, शंकर विश्वास, श्यामा रंग, दीपक मंडल, निरंजन बाघ, शंकर मंडल, सुशांत रंग, निरापद, अर्जुन विश्वास, सुर्जन विश्वास, सीमा बरोई, मीना, नारायण, नवकुमार साना, राजू, विष्णु मंडल, मोनिका, अंजली, अनीमा, अलका,अनीता व आरती आदि शामिल थें ।

**विधायक ने घायल को....** पर घायल देखे तो बिना किसी देरी किये मदद के लिये आगे आये क्योंकि आपकी यहां कोशिश किसी के घर के चिराग के जीवन को सुरक्षित कर सकती हैं। घायल का अस्पताल में उपचार शुरू होने के बाद विध ायक पन्तनगर यूनिवर्सिटी बैठक के लिये निकल गये ।

**ट्रांजिट कैम्प में....**लाये और मारपीट शुरु कर दी । जिससे तीनों दोस्तों के सिर तथा अन्य हिस्सो में चोटे आयी । पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000